दिनांक : 28.01.2026 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति के संबोधन से आज प्रारंभ होगा संसद का बजट सत्र।
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा नई खेल संस्कृति का विकास-कहा मुख्यमंत्री ने।
- प्रदेश में मावठे की बारिश से मौसम हुआ सर्द, कई जिलों में ओलावृष्टि।
- भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी-20 मुकाबला आज विशाखापटनम में।

संसद-बजट सत्र

संसद का बजट सत्र आज से आरंभ होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों - लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संबोधित करेंगी। कल, आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि केन्द्रीय बजट रविवार एक फरवरी को पेश होगा। बजट सत्र का पहला चरण आज से 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र के दौरान सदन की 30 बैठकें होंगी। आज और एक फरवरी को सदन में शून्यकाल नहीं होगा।

प्रधानमंत्री- एनसीसी रैली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के कारियाप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करेंगे। इस वर्ष की रैली का विषय राष्ट्र प्रथम - कर्तव्य निष्ठा युवा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह रैली भारत के युवाओं में कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की भावना दर्शाती है। एनसीसी पीएम रैली, एक महीने तक चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का भव्य समापन है। इस अवसर पर राष्ट्रीय रंगशाला और राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों सहित एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और चरित्र विकास में उनकी भूमिका को दर्शाया जाएगा।

खेलो एमपी यूथ गेम्स

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल शाम भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पारम्परिक और आधुनिक दोनों प्रकार के खेलों की समद्ध परम्परा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल सदियों से हमारा मान हैं, भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति का विकास हो रहा है। हमें कॉमनवेल्थ की मेजबानी मिली, अब ओलिम्पिक की तैयारी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि...

बाइट - मुख्यमंत्री

खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय युवा कल्याण एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के वीडियो शुभकामना संदेश का प्रसारण भी किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री श्री मंडाविया ने कहा कि बेहद कम समय में करीब एक लाख खिलाड़ियों को खेलो एमपी यूथ गेम्स से जोड़ा गया है। यह केवल मध्यप्रदेश में ही संभव है। उन्होंने कहा कि..

बाइट - खेल मंत्री मनसुख मांडविया

प्रगति - रिपोर्ट

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच-प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे वर्ष 2015 में शुरू किया था। आज इस विशेष श्रृंखला में उत्तर प्रदेश में स्थित एनएच-2 के चकेरी से प्रयागराज खंड के 6-लेन के सड़क निर्माण पर एक विशेष रिपोर्ट।

रिपोर्ट -

मौसम

प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच मावठे की बारिश ने दस्तक दे दी है। राज्य में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने आधे प्रदेश को तरबतर कर दिया हैं। कई जिलों में ओले गिरने से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश से लगे राजस्थान और ऊपरी पंजाब में सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में इसका असर दिख रहा है। कल भोपाल में झमाझम बारिश हुई। देर रात करीब 11 बजे तेज हवा के साथ मावठे की बारिश हुई, जो देर रात तक जारी रही। वहीं अशोकनगर में कल रात हुई झमाझम बारिश से मौसम और दर्द हो गया है। कल दिन भर आसमान में बादल छाए हुए थे। सतना जिले आज सुबह से बारिश हो रही है। तापमान में गिरावट आ गई है। खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र के कई गांवों में करीब 15 से 20 मिनट तक चली तेज़ हवा, आंधी, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से मक्का, गेहूं और चने की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। शाजापुर सहित कई जिलों में बारिश होने के समाचार मिले है।

क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी-20 मुकाबला आज विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। मैच की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी। इससे पहले खेले गए तीसरे टी-20 में भारत ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज पहले ही अपने नाम कर ली है। न्यूजीलैंड की टीम फिलहाल 3-0 से पीछे चल रही है। वाइजैग में भारत का रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है। यहां खेले गए चार टी-20 मुकाबलों में से टीम इंडिया ने तीन में जीत दर्ज की है, जबकि एकमात्र हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आई थी।

पीएम ग्राम सड़क योजना-समिति

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्थाई समिति का गठन किया है। समिति द्वारा भारत शासन को योजना अंतर्गत प्रेषित किये जाने वाले प्रस्ताव का अनुमोदन, प्रत्येक त्रैमास में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल से प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में एक नया और रोमांचक अध्याय जुड़ने जा रहा है। एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रेमियों के लिए इंदौर में पहली बार टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को शहर के मनोरम और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कोरबन हिल्स में किया जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ डिंडोरी जिले के शासकीय हाई स्कूल चंदवाही, विकासखंड शहपुरा में छात्र-छात्राओं को गौवंश आधारित जैविक और प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ऽ मंडला पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रतिदिन लगभग 1000 वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

ऽ इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 2 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में होगा।

ऽ झाबुआ में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

ऽ सतना जिले के कृपालपुर के पास कल शाम एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई।

-------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब .**

(1) खेलो एमपी यूथ गेम्स

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल शाम भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पारम्परिक और आधुनिक दोनों प्रकार के खेलों की समद्ध परम्परा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल सदियों से हमारा मान हैं, भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति का विकास हो रहा है। हमें कॉमनवेल्थ की मेजबानी मिली, अब ओलिम्पिक की तैयारी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि...

**बाइट - मुख्यमंत्री**

खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय युवा कल्याण एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के वीडियो शुभकामना संदेश का प्रसारण भी किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री श्री मंडाविया

ने कहा कि बेहद कम समय में करीब एक लाख खिलाड़ियों को खेलो एमपी यूथ गेम्स से जोड़ा गया है। यह केवल मध्यप्रदेश में ही संभव है। उन्होंने कहा कि..

**बाइट - केंद्रीय खेल मंत्री, मनसुख मांडविया**

(2) मौसम

प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच मावठे की बारिश ने दस्तक दे दी है। राज्य में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने आधे प्रदेश को तरबतर कर दिया हैं। कई जिलों में ओले गिरने से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश से लगे राजस्थान और ऊपरी पंजाब में सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में इसका असर दिख रहा है। कल भोपाल में झमाझम बारिश हुई। देर रात करीब 11 बजे तेज हवा के साथ मावठे की बारिश हुई, जो देर रात तक जारी रही। वहीं अशोकनगर में कल रात हुई झमाझम बारिश से मौसम और दर्द हो गया है। कल दिन भर आसमान में बादल छाए हुए थे। सतना जिले आज सुबह से बारिश हो रही है। तापमान में गिरावट आ गई है। खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र के कई गांवों में करीब 15 से 20 मिनट तक चली तेज़ हवा, आंधी, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से मक्का, गेहूं और चने की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। शाजापुर सहित कई जिलों में बारिश होने के समाचार मिले है।

(3) टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल से प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में एक नया और रोमांचक अध्याय जुड़ने जा रहा है। एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रेमियों के लिए इंदौर में पहली बार टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को शहर के मनोरम और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कोरबन हिल्स में किया जाएगा।

..................

## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल
## प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—

- राष्ट्रपति के संबोधन से आज प्रारंभ होगा संसद का बजट सत्र।
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा नई खेल संस्कृति का विकास—कहा मुख्यमंत्री ने।

- प्रदेश में मावठे की बारिश से मौसम हुआ सर्द, कई जिलों में ओलावृष्टि।

और

- भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी–20 मुकाबला आज विशाखापटनम में।

अब समाचार विस्तार सेः–

संसद–बजट सत्र

संसद का बजट सत्र आज से आरंभ होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों – लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संबोधित करेंगी। कल, आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि केन्द्रीय बजट रविवार एक फरवरी को पेश होगा। बजट सत्र का पहला चरण आज से 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र के दौरान सदन की 30 बैठकें होंगी। आज और एक फरवरी को सदन में शून्यकाल नहीं होगा।

प्रधानमंत्री– एनसीसी रैली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के करियाप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करेंगे। इस वर्ष की रैली का विषय राष्ट्र प्रथम – कर्तव्य निष्ठा युवा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह रैली भारत के युवाओं में कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की भावना दर्शाती है। एनसीसी पीएम रैली, एक महीने तक

चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का भव्य समापन है। इस अवसर पर राष्ट्रीय रंगशाला और राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों सहित एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और चरित्र विकास में उनकी भूमिका को दर्शाया जाएगा।

<u>खेलो एमपी यूथ गेम्स</u>

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल शाम भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स–2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पारम्परिक और आधुनिक दोनों प्रकार के खेलों की समद्ध परम्परा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल सदियों से हमारा मान हैं, भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति का विकास हो रहा है। हमें कॉमनवेल्थ की मेजबानी मिली, अब ओलिम्पिक की तैयारी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि...

बाइट – मुख्यमंत्री

खेलो एमपी यूथ गेम्स–2026 के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय युवा कल्याण एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के वीडियो शुभकामना संदेश का प्रसारण भी किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री श्री मंडाविया ने कहा कि बेहद कम समय में करीब एक लाख खिलाड़ियों को खेलो एमपी

यूथ गेम्स से जोड़ा गया है। यह केवल मध्यप्रदेश में ही संभव है। उन्होंने कहा कि..

बाइट – खेल मंत्री मनसुख मांडविया

<u>प्रगति – रिपोर्ट</u>

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे वर्ष 2015 में शुरू किया था। आज इस विशेष श्रृंखला में उत्तर प्रदेश में स्थित एनएच–2 के चकेरी से प्रयागराज खंड के 6–लेन के सड़क निर्माण पर एक विशेष रिपोर्ट।

रिपोर्ट –

<u>मौसम</u>

प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच मावठे की बारिश ने दस्तक दे दी है। राज्य में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने आधे प्रदेश को तरबतर कर दिया हैं। कई जिलों में ओले गिरने से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश से लगे राजस्थान और ऊपरी पंजाब में सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में इसका असर दिख रहा है। कल भोपाल में झमाझम बारिश हुई। देर रात करीब 11 बजे तेज हवा के साथ मावठे की बारिश हुई, जो देर रात तक जारी रही। वहीं अशोकनगर में कल रात हुई झमाझम बारिश से

मौसम और दर्द हो गया है। कल दिन भर आसमान में बादल छाए हुए थे। सतना जिले आज सुबह से बारिश हो रही है। तापमान में गिरावट आ गई है। खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र के कई गांवों में करीब 15 से 20 मिनट तक चली तेज़ हवा, आंधी, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से मक्का, गेहूं और चने की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। शाजापुर सहित कई जिलों में बारिश होने के समाचार मिले है।

## क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी–20 मुकाबला आज विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। मैच की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी। इससे पहले खेले गए तीसरे टी–20 में भारत ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज पहले ही अपने नाम कर ली है। न्यूजीलैंड की टीम फिलहाल 3–0 से पीछे चल रही है। वाइजैग में भारत का रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है। यहां खेले गए चार टी–20 मुकाबलों में से टीम इंडिया ने तीन में जीत दर्ज की है, जबकि एकमात्र हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आई थी।

## पीएम ग्राम सड़क योजना–समिति

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्थाई समिति का गठन किया है। समिति द्वारा भारत शासन को योजना

अंतर्गत प्रेषित किये जाने वाले प्रस्ताव का अनुमोदन, प्रत्येक त्रैमास में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

## टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल से प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में एक नया और रोमांचक अध्याय जुड़ने जा रहा है। एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रेमियों के लिए इंदौर में पहली बार टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को शहर के मनोरम और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कोरबन हिल्स में किया जाएगा।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- डिंडोरी जिले के शासकीय हाई स्कूल चंदवाही, विकासखंड शहपुरा में छात्र–छात्राओं को गौवंश आधारित जैविक और प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- मंडला पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रतिदिन लगभग 1000 वाहनों की चेकिंग की जा रही है।
- इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 2 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में होगा।
- झाबुआ में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।
- सतना जिले के कृपालपुर के पास कल शाम एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई।

———————